
# ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में नीचे गिरी छात्रा, मौत

## रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्र. -1 पर तड़के हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 फरवरी. रेलवे स्टेशन पर बुधवार तड़के उस वक्त एक दर्दनाक हादसा सामने आ गया जब चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में एक छात्रा अपनी जान गवां बैठी. हलांकि छात्रा को फौरन अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जांच करते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया. रीवा की छात्रा परीक्षा देने के लिए एर्नाकुलम जा रही थी.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लालगांव की रहने वाली 25 वर्षीय छात्रा अंजलि साकेत पिता चंद्रमणि परीक्षा देने के लिए एर्नाकुलम जा रही थी. इसके लिए वह रीवा से सतना पहुंची और रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आने का इंतजार करने लगी. बताया गया कि इंतजार के दौरान उसकी आंख लग गई. इसी दौरान बुधवार तड़के 4:30 बजे ट्रेन सतना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्र. 1 पर पहुंच गई. हलांकि अंजलि की नींद खुल गई थी लेकिन ट्रेन को लेकर उसे असमंजस होने लगा. इसी दौरान ट्रेन के चलने का समय हो गया. तब कहीं जाकर अंजिल को मालुम हुआ कि उसे उसी ट्रेन में



बैठना था. लिहाजा वह अपना सामान लेकर ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगी. लेकिन समान लेकर चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास के दौरान गेट की सढ़ी पर उसका पैर फिसल गया. लिहाजा संतुलन बिगड़ते ही वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच जा गिरी. ट्रेन की चपेट में बुरी तरह घायल होता देख प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों के बीच चीख-पुकार मच गई. जिसे सुनकर आरपीएफ-जीआरपी अमला भागकर मौके पर पहुंचा. आनन-फानन में उसे उपचार के लिए निकट स्थित जिला चिकित्सालय ले जाया गया. लेकिन वहां पर जांच करते हुए ड्यूटी डॉक्टर द्वारा ब्रॉट डेड घोषित कर दिया गया.

### मोबाइल से हुई पहचान

दुर्घटना में मृत छात्रा की पहचान होने में 7 घंटे से अधिक का समय लग गया. जब जीआरपी द्वारा छात्रा के मोबाइल की जांच की गई तो उसमें सतना से केरल के एर्नाकुलम तक का ऑनलाइन टिकट नजर आया. जिसके बाद मृतका की पहचान करते हुए परिजनों को घटना की सूचना दी गई. सूचना पाकर सतना पहुंचे परिजन बेहाल हुए जा रहे थे. पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. परिजनों के अनुसार अंजलि रीवा स्थित शासकी महाविद्यालय में एम ए फाइनल ईयर की छात्रा थी. वह एर्नाकुलम में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जा रही थी.



# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

## सर्किट हाउस चौराहे पर हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 11 फरवरी. शहर के प्रमुख माने जाने वाले क्षेत्र सर्किट हाउस चौराहे पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों के पैर फ्रेक्कर हो गए. घटना ट्रक द्वारा बाइक को टक्कर मारने के कारण होना बताया गया. पुलिस द्वारा ट्रक को पकड़कर कर आगे की कार्रवाई की गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के भरहुत नगर क्षेत्र के निवासी अमित सोंधिया पिता गणेश उम्र 30 वर्ष और सिंधी कैंप निवासी सत्यनारायण शुक्ला पिता समयलाल उम्र 27 वर्ष सिंवल लाइन क्षेत्र में स्थित एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं. हर रोज की तरह बुधवार को भी दोनों बाइक पर सवार होकर कार्यलय गए थे. जहां पर अपना काम निबटाने के बाद दोनों बाइक क्र. एमपी 19 एमपी 0420 पर सवार होकर वापस लौटने लगे. बताया गया कि जैसे ही दोनों सर्किट चौराहे पर पहुंचे तो इसी दौरान ट्रक क्र. एमपी 19 एच ए 1504 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी. जिसके चलते दोनों बुरी तरह घायल हो गए. घटना होती देख आस पास मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उन्हें संभालते हुए उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया. जहां पर उपचार शुरु होने पर यह जानकारी सामने आई कि बाइक सवार दोनों युवकों के पैर में फ्रेक्कर आ गया. वहीं पुलिस द्वारा ट्रक को पकड़कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी गई. बताया गया कि ट्रक रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित माल गोदाम की ओर लोडिंग के लिए जा रहा था.



# जिला जनगणना समन्वय समिति की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 11 फरवरी. भारत सरकार एवं प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियां सतना जिले में शुरू कर दी गई हैं।**

जनगणना का कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक तथा द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। बुधवार को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अनुविभागीय जनगणना अधिकारियों एवं चार्ज जनगणना अधिकारियों को जनगणना कार्यक्रम तथा विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि जनगणना प्रक्रिया पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पूरी की जा सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, जितेन्द्र वर्मा, एल.आर. जांगडे, डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा सहित सभी चार्ज जनगणना अधिकारी उपस्थित रहे।

# दूल्हे के पिता की निकली लाइसेंसी बंदूक, दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना 11 फरवरी. वैवाहिक आयोजन में फायरिंग कर बच्चे को घायल करने के मामले में पुलिस द्वारा गोली चलाने वाले के साथ-साथ असलहे के लाइसेंस धारक को भी गिरफ्तार कर लिया. गोली दूल्हे के पिता की लाइसेंसी बंदूक से चलाई गई थी.**

कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी से मिली जानकारी के अनुसार मैहर बाइपास पर रिया मैरिज गार्डेन में सोमवार की रात को वैवाहिक आयोजन के दौरान गोली चलने से 10




वर्षीय बालक के बुरी तरह घायल हो जाने की घटना सामने आई थी. इस मामले में शुरुआत में हर्ष फायरिंग का एंगल सामने आया. लेकिन जब पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो यह जानकारी सामने आई कि किसी बात को लेकर रोकट-टोक करने पर सागल पाण्डेय नामक व्यक्ति द्वारा सामने खड़े 10 वर्षीय बालक पर गोली चला दी गई थी. गाली लगने से गंभीर तौर पर घायल बालक को उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया था. लिहाजा पुलिस ने सागर पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया. इसी कड़ी में पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए बंदूक के लाइसेंस धारक पुरुषोत्तम उर्फ रामप्रसन्न यादव को भी गिरफ्तार कर लिया. सागर पाण्डेय द्वारा जिस लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक से गोली चलाई गई थी वह दूल्हे के पिता पुरुषोत्तम की थी.

# आम हड़ताल के समर्थन में संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने निकाला मशाल जुलूस

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 फरवरी. जिला ट्रेड यूनियन कौंसिल सतना के महासचिव कॉमरेड संजय सिंह तोमर ने बताया कि ये मशाल जुलूस वर्तमान में केंद्र में बैठी हुई सरकार को चेतावनी है कि सत्ता के गुरुर में आग से खेलना बंद करें क्योंकि आज उनकी सत्ता है कल नही होगी, लेकिन देश का मजदूर वर्ग रहेगा इसलिए अभी भी समय है कि ट्रेड यूनियनों के साथ बैठकर हमारी जिज्ञासा समस्याओं का समाधान निकाले।**

कॉमरेड तोमर ने बताया कि 12 फरवरी 2026 को आम




ह?ताल के दिन सभी ट्रेड यूनियनों द्वारा सुबह से अपने अपने कार्यालय एवं संस्थानों के सामने विरोध प्रदर्शन करने के उपरांत दोपहर 12 बजे से पुष्करणी पार्क में संयुक्त ट्रेड यूनियनों द्वारा संयुक्त आमसभा का आयोजन किया जाएगा।आज के मशाल जुलूस में टीयूसी सतना के अध्यक्ष टीपी पांडे, टीयूसी सतना के महासचिव संजय सिंह तोमर,टीयूसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवेंद्र गौतम, एटक के प्रांतीय संयुक्त महासचिव रामसरोज कुशवाहा, एटक अध्यक्ष अरुण तिवारी, आनन्द पाल ,लालू पाल विकास पाल ,सतीष पाल कामता पाल ,अखिलेश चौधरी मंटू चौधरी,शिवकुमार चौधरी राकेश चौधरी,सीटू के प्रांतीय सचिव तेजप्रताप दुबे,इंटक के यूनिवर्सल केबिल से संतोष पाण्डेय,विनोद मिश्रा,धर्मेंद्र तिवारी,सौरभ शुक्ला एवम सतना सीमेंट इंटक से आदित्य नारायण गौतम, रामनिवास शर्मा,विनय तिवारी,प्रिंस जय सिंह सुरेश सिंह द्विवेदी यज्ञ नारायण त्रिपाठी, बनमली सोनी, राजेंद्र त्रिपाठी, रजनीश सिंह, वीरेंद्र त्रिपाठी, कमलापति पाण्डेय नागेंद्र तिवारी, मध्यप्रदेश बैंक एम्प्लाइज एशोसिएशन सतना के महासचिव दिनेश श्रीवास्तव, जोगेन्दर सिंह,सतना डिवीजन इन्सुरेंस एम्प्लाइज एशोसिएशन के महासचिव धर्मेंद्र सिंह बघेल, अध्यक्ष कॉमरेड राजेश द्विवेदी, एमपीएमएसआरयू सीटू सतना इकाई के सचिव जितेंद्र मिश्रा, अध्यक्ष राकेश सिंह परिहार, उपाध्यक्ष रणवीर सिंह, सहसचिव द्वय जितेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, कार्यकारणी सदस्य अंचल सिंह,विकास त्रिपाठी, विनय निगम,आकाश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का शहर में कई स्थानों पर हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**सतना 11 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी के युवा प्रकोष्ठ युवा मोर्चा के प्रदे श अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम वार नगर आगवन पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने शहर के कई स्थानों पर स्वागत किया.**

मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौभाग्य केशरी के नेतृत्व में श्रीटेलर के नगर आगवन पर युवा कार्यकर्ताओं ने रैली भी निकाली जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी. बाद में उनके सम्मान में कई स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.पन्नीलाल



चौक आयोजित कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ताओं ने उनका सम्मान किया. इसके बाद रीवा रोड स्थित एक बारात घर में आयोजित सभा में बड़ी सं ख्या में पार्टी के युवा वरिष्ठ नेता उपस्थित हुए.



# ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 फरवरी. सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।**

इस दौरान सांसद ने ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई जमीन के बदले नौकरी न मिलने वाले प्रभावितों को मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। सांसद श्री सिंह ने मंत्री श्री वैष्णव को बताया कि इस मुद्दे पर वे लगातार पत्राचार कर रहे हैं। परियोजना के शुरुआती चरण में कई प्रभावितों को रेलवे में नौकरी प्रदान की गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में लोग अब भी बाकी हैं। इन लोगों को नौकरी देने से इनकार कर दिया गया, जिसके बाद पांच लाख रुपये का मुआवजा देने के निर्देश जारी हुए थे। हालांकि यह निर्देश पूरी तरह से लागू नहीं हो सका। परिणाम ये कि कई किसानों को न तो नौकरी मिली और न ही मुआवजा। सांसद ने पूरे मामले की जांच कराकर प्रभावितों को न्याय दिलाने की अपील की है। ताकि किसानों की लंबित शिकायतों का समाधान हो सके। सांसद ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। रेल मंत्री से मुलाकात के दौरान सांसद गणेश सिंह ने एक और प्रमुख मांग रखी जिसमें सतना से मानिकपुर, बंदा, कानपुर होते हुए दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन का संचालन शामिल है। उन्होंने रेल मंत्री को बताया कि इस रूट पर चित्रकूट जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं जहां रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सतना स्टेशन पश्चिम मध्य रेलवे को सर्वाधिक राजस्व प्रदान करने वाला स्टेशन है। इसके अलावा सतना में टाइगर सफारी, मैहर माता मंदिर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल हैं, साथ ही कई अन्य आकर्षण जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

# पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय जनसंघ के प्रेरणास्रोत एवं प्रखर विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को जिले भर में समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।**

इस अवसर पर जिले के 1376 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर समर्पण निधि अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले ही दिन कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए चेक के माध्यम से 11 लाख रुपये से अधिक की समर्पण निधि जमा कराई। जिला




मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता 'श्यामू' ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर *भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय एवं समर्पण निधि के जिला प्रभारी विजय तिवारी सह प्रभारी परशुराम गुप्ता* ने बूथ क्रमांक 120 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र का विधिवत पूजन एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके साथ ही जिले में समर्पण निधि अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। इस दौरान अनेक कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने चेक के माध्यम से समर्पण राशि प्रदान कर अभियान में भागीदारी निभाई।

### दीनदयाल जी भारतीय राजनीति के विरले मनीषियों में थे : विनोद

**सतना, 11 फरवरी.** भाजपा प्रदेश



कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता विनोद तिवारी ने आज पं.दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दीनदयाल जी एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता एवं भारतीय राजनीति और विचार परमपरा के विरले मनीषियों में थे जिन्होंने व्यक्ति से समाज व समाज से राष्ट्र निर्वाण का मार्ग दिखाया वे सत्ता को साधन नहीं बल्कि राष्ट्र धर्म साधना मानते थे पंडित दीनदयाल जी द्वारा प्रतिपादित एकाद मानव दर्शन व्यक्ति समाज राष्ट्र के बीच संतुलन समन्वय का दर्शन है.

# प्रिज्म ने 30 महिलाओं को ब्यूटीशियन स्टार्टअप किट देकर बनाया आत्मनिर्भर

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 फरवरी. प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड, मनकहरी द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए दो माह का ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया।**

प्रशिक्षण पूर्ण करने पर 30 महिलाओं को ब्यूटीशियन स्टार्टअप किट एवं प्रशिक्षण




प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डी.जी.एम. (सीएसआर एवं जनसंपर्क) देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि कंपनी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर सामाजिक उत्तरदायित्व निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.के. मिश्रा , अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभाग रामपुर बाघेलान एवं विशिष्ट अतिथि राहुल पाण्डेय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल सिंह परिहार , सरपंच, ग्राम पंचायत सिजहटा ने की।

इस अवसर पर डॉ. मनीष कुमार सिन्हा (हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर), विनोद श्रीवास्तव (सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एमआरएम एंड माइन्स), अनुज भूतरा (एबीपी एचआरएम), तथा राजेश कुमार (जीएम टैलेन्ट मैनेजमेंट एंड आईएमएस) सहित प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न सीएसआर गतिविधियों की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई।

## एक नजर में




### स्वशासी का दल अयोध्या गया

**सतना .** महाविद्यालय के एन एस एस के विद्यार्थियों का एक टूर दो दिनों के लिए अयोध्या श्री राम लला मंदिर के दर्शन करने के लिए रवाना हुआ। स्टोर में 100 विद्यार्थी और 10 स्टाफ के लोग शामिल हैं

### महाशिवरात्रि पर निकलेगी भोलेनाथ की बारात

**सतना।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव मंदिर युवा मंडल द्वारा 6 वर्षों की भांति इस वर्ष



भूत भावन भगवान शंकर माता पार्वती के विवाह बरात शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा शिव मंदिर में भजन कीर्तन रुद्राभिषेक और गंगा पूजन होगा महाशिवरात्रि को सुबह 9 बजे 51 कलश के साथ बारात शोभा यात्रा निकाली जाएगी शिव तांडव नृत्य कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।

### राष्ट्रीय महिला दिवस पर 14 को स्वास्थ्य शिविर

**सतना,** । सामाजिक सद्भावना एवं राष्ट्रीय भावना से गठित संस्था भारत विकास परिषद सतना द्वारा 14 फरवरी शनिवार को नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन महादेवा स्थित जेपी विद्यापीठ विद्यालय में किया गया है। परिषद की तरफ से पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के रहवासियों हेतु नि :शुल्क एनीमिया (खून की कमी) की जांच एवं दांत रोग परीक्षण एवं नेत्र रोग परीक्षण अनुभवी चिकित्सकों द्वारा दोपहर 12:00 बजे से किया जाएगा।



### एकेएस ने दी विपुल शर्मा को पीएचडी की उपाधि

**सतना।** ए .के .एस . विश्वविद्यालय, सतना के वाणिज्य विभाग के फैकल्टी सदस्य एवं शोधार्थी विपुल शर्मा, स्वर्गीय रमेश कुमार शर्मा के सुपुत्र, को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। विपुल शर्मा वर्ष 2013 से विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में कार्यरत हैं।उन्होंने अपना शोध कार्य इसी विश्वविद्यालय से पूर्ण किया। उनका शोध विषय था ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की खरीद में ग्राहक संतुष्टि का विश्लेषण (सतना जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों का तुलनात्मक अध्ययन) यह शोध डिजिटल बाज़ार के विस्तार के बीच उपभोक्ता संतुष्टि के विभिन्न आयामों को स्पष्ट करता है तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों के व्यवहार का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है।